प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 12.08.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :—

1. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने लखनऊ मेट्रो के चारबाग से बसंत कुंज तक के चरण को दी मंजूरी : पांच हजार 801 करोड रुपये से अधिक की लागत से तैयार होंगे 12 स्टेशन।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जताया आभार : कहा— प्रदेश की विकास यात्रा में मील का पत्थर साबित होगा यह फैसला।
3. मॉनसून सत्र के दूसरे दिन विधानसभा में उठा स्कूलों के विलय का मुद्दा : बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा— विपक्ष भ्रम फैला मुद्दे को दे रहा है राजनीतिक रंग। और
4. प्रदेश मं कई नदियों का जलस्तर बढ़ने से 23 जिल बाढ़ से प्रभावित : मौसम विभाग ने अधिकांश जनपदों में कल भारी बारिश का जताया अनुमान।

——————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लखनऊ मेट्रो के चारबाग से बसंत कुंज तक वन—बी चरण को मंजूरी दे दी गई। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस परियोजना पर पांच हजार आठ सौ एक करोड रुपये से अधिक की लागत आयेगी। उन्होंने बताया कि इस चरण में कुल बारह

स्टेशन तैयार किये जायेंगे और यह काम पांच वर्षों में पूरा हो जायेगा। बाइट.....

*लखनऊ मेट्रो का फेज एक बी बहुत ही इम्पोर्टेन्ट है। लखनऊ बड़ा शहर है वहां पर मेट्रो की बहुत जरूरत है। तो यहाँ पर फेज एक बी अप्रूव हुआ फाइव थाउजेंड 800 एक करोड़ रुपीस से फेज एक बी बनेगा ईस्ट से वेस्ट वाला चारबाग से लेकर वसंतकुंज तक का तो इस फेज से काफी बड़ी संख्या में पैसेंजर्स मेट्रो का लाभ उठा सकेंगे और नागरिकों के लिए बेनिफिट होगा। इस प्रोजेक्ट को पाँच साल में कंप्लीट किया जायेगा।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि यह स्वीकृति प्रदेश की विकास यात्रा में मील का पत्थर साबित होगी।

लखनऊ मेट्रो के इस नये चरण को मंजूरी मिलने से स्थानीय लोगों में भी खुशी का माहौल है। लखनऊ निवासी मसूद अब्दुल्ला ने कहा कि इस चरण के पूरा होने से पुराने लखनऊ तक पर्यटकों की पहुंच आसान होगी। बाइट....

*लखनऊ मेटो का सेकंड फेज जो अप्रूव हुआ है वो बहुत ही इम्पोर्टेंट है क्योंकि इससे ये होगा कि जो लोग बाहर से आ रहे हैं वो लोग आसानी से ट्रैवल कर सकते हैं और दूसरी चीज़ ये है कि उसमें जो रास्ते में जो भीड़ भाड़ होती है उसमें काफी वक्त बर्बाद होता है उसमें सबको सहूलत होगी और हम शुक्रिया अदा करते हैं यूनियन काउंसिल का उन लोगों ने इस सेकंड फेज को अप्रूव किया।*

इसके अलावा केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ओडीशा, पंजाब और आन्ध्र प्रदेश में चार नई सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को भी स्वीकृति दे दी है।

———————————

राज्य विधानमंडल के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन विधानसभा में प्रदेश में बाढ़, कानून व्यवस्था और बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षकों की भर्ती का मुद्दा छाया रहा। समाजवादी पार्टी ने स्कूल मर्जर और प्राथमिक स्कूलों में बच्चों की प्रवेश आयु 4 वर्ष करने जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरा। जवाब में बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा कि विपक्ष मर्जर के नाम पर भ्रम फैला कर उसे राजनीतिक रंग दे रहा है। उन्होंने कहा कि मर्जर के तहत सरकार ने एक भी विद्यालय को बंद करने का निर्णय नहीं लिया है। सभी खाली भवनों में प्री–प्राइमरी स्कूल और नर्सरी कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। बाइट.....

*जितने भी हमारे भवन मर्जर के बाद में जो एक किलोमीटर की अवधि के अंदर थे पचास बच्चों से कम की संख्या थी उन विद्यालयों को मर्ज करके एक विद्यालय बना दिया गया जिससे सबसे ज्यादा अधिक संसाधनों वाला विद्यालय को चलाया जाए उसमें किसी भी बच्चे को पहुँचने में कोई कठिनाई नहीं होगी। उस विद्यालय को संचालित किया जाएगा और बाकी के जो विद्यालय रिक्त होंगे जो मर्ज करने के बाद में उन विद्यालयों में आईसीडीएस डिपार्टमेंट के साथ में मिलकर के हमारा बेसिक शिक्षा विभाग प्रे प्राइमरी यानी प्ले स्कूल की यानि की नर्सरी केजी और ये सारी जो क्लास होती है इन क्लास को इस सत्र से प्रारम्भ करने जा रहे है।*

समाजवादी पार्टी के विधायकों ने पुलिस के स्थानांतरण और वेतन भत्ते को बढ़ाने की मांग उठाई। इस पर संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि 2017 से अब तक प्रदेश में बड़े पैमाने पर युवाओं को रोजगार दिया गया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रदेश में जितनी बड़ी संख्या में

पुलिस भर्ती की गई है वह किसी और सरकार के कार्यकाल के दौरान नहीं हुई। बाइट.....

*जितना ये सरकार ने पुलिस प्रशासन और बाकी लोगों को खासतौर से नौकरी उनकाटाइमली प्रमोशन देने का काम किया। आज तक किसी सरकार ने नहीं किया और जितनी सुविधाएं पुलिस सिपाहियों के लिए हेड कांस्टेबलों के लिए आप दो लाख उन्नीस हजार से ज्यादा तो नियुक्तियां दी हैं और उसमें बाकायदा बीस पर्सेंट महिलाओं का रिजर्वेशन दिया है। उसके साथसाथ उनको टाइमली प्रमोशन देते हैं मानवर और उनको आवास की सुविधा दे रहे हैं। बराबर हर पुलिस लाइन में बैरक बनवा रहे है हमारे।*

विधान परिषद में आज समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने प्रदेश में कानून व्यवस्था का मुद्दा उठाया। सरकार की ओऱ से दिए गए जवाब से असंतुष्ट होकर सपा सदस्यों ने सदन से वॉक आउट किया।

———————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ हो आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने शाहजहांपुर के सांसद अरुण सागर की मांगों पर कार्रवाई करते हुए शाहजहांपुर हाईवे चौड़ीकरण, औद्योगिक केंद्रों को हाईवे से जोड़ने, भारतमाला परियोजना के तहत बस स्टैंड पर डिजिटल टिकटिंग और यात्री प्रतीक्षालय में सुविधाओं में सुधार के निर्देश दिए हैं।

——————————

प्रदेश में 2 अगस्त से चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत सभी जनपदों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 'हर घर तिरंगा' अभियान का उद्देश्य हर नागरिक में राष्ट्र प्रेम, राष्ट्रीय एकता और सहभागिता की भावना को और अधिक प्रगाढ़ करना है। मुख्यमंत्री यागी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की है। बाइट.....

*इस स्वतंत्रता दिवस पर हम सब एक साथ एक स्वर में एक संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं।हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अर्थात स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग। यह केवल एक अभियान नहीं बल्कि भारत माता के प्रति हमारा प्रण है। तिरंगा हमारी आन बान शान है और स्वच्छता, हमारे संस्कार, हमारी सभ्यता और हमारे भविष्य की पहचान है। मुझे विश्वास है कि हम अपने अपने पंचायत सचिवालय, नगर निकाय कार्यालय, घरों, सार्वजनिक भवनों और संस्थानों में तिरंगा लहराएंगे और आसपास की स्वच्छता को अपने व्यक्तिगत दायित्व मानते हुए सुनिश्चित करेंगे।*

इस विशेष अभियान के अंतर्गत शहरी गरीब क्षेत्रों में 60 लाख झंडों का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज कौशांबी के जिलाधिकारी मधुसूदन हुलगी ने तिरंगा बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गाजियाबाद में जिला प्रशासन द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य जन–जन में देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना है। बाइट....

*शासनादेश अनुसार हम लोगों को हर जिले में एक तिरंगा मेला और तिरंगा म्यूजिक कंसर्ट जो है लगाया जाना था। उसी के तत्वावधान में हम लोगों ने यहाँ पर तिरंगा महोत्सव का आयोजन किया है। स्कूल के बच्चों के द्वारा जो है पार्टिसिपेट किया जाएगा। उनके अंदर भी तिरंगा की जो एक राष्ट्र भावना है तिरंगे के प्रति एक श्रद्धा को और उजागर किया जाएगा। इन प्रोग्राम के माध्यम से कल रैली भी यहाँ पे कराई जाएगी। इस रैली के माध्यम से भी हर घर तिरंगा का जो मैसेज है वो पहुँचाया जाएगा।*

————————

पहाड़ों और मैदानी इलाकों में हो रही मूसलाधार बारिश से जन जीवन प्रभावित है। बदायूं ,फर्रुखाबाद और बलिया में गंगा, शाहजहांपुर में रामगंगा, अयोध्या और बलिया में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 23 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। शाहजहांपुर में रामगंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। प्रशासन ने निचले इलाकों में रहने वाले लोगों से अपील की है कि वे तुरंत सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं। बाढ़ चौकियों को भी

सतर्क कर दिया गया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में प्रदेश के अधिकांश ज़िलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

(समाप्त)